APP-A
Crime-I

FORM N0. III

फर्द अहकाम
(नियम–26)

अज अदालत संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

रामचन्द्र बनाम धनराज व अन्य

किस्म मुकद्दमा/बाज.प्रा.पत्र/एलआर/नं./82/सन् 2020 जिला नागौर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपी.अधि0 : श्री जी0एस0 लखावत	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16-3-2020	पत्रावली पेश हुई। मूल अपील संख्या 16/2016 (2016/00159) रामचन्द्र बनाम धनराज व अन्य में निर्णय दिनांक 20.09.2019 को अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किये जाने के आदेश के विरुद्ध अपीलार्थी अभिभाषक ने बाजदायरी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रार्थना पत्र से सम्बंधित मूल अपील 16/2016 जिला नागौर के साथ प्रस्तुत होने पर बाजदायरी प्रार्थना पत्र पर आज दिनांक 10.02.2020 को अपीलार्थी के अभिभाषक को सुना गया। बाजदायरी प्रार्थना पत्र दिनांकित 01.10.2019 अन्दर मियाद होने तथा बाजदायरी प्रार्थना पत्र मे प्रार्थी अधिवक्ता की अनुपस्थिति का कारण स्वभाविक होने से न्यायहित में प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मूल अपील पुनः नम्बर पर ली जाकर दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो । संभागीय आयुक्त अजमेर	

Scanned with CamScanner